दिन– गुरूवार दिनांक– 27 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल सात नये मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। संजय सरावगी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सुनील कुमार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, राजू कुमार सिंह को पर्यटन विभाग, मोतीलाल प्रसाद को कला संस्कृति एवं युवा विभाग का मंत्री बनाया गया है। जीवेश मिश्रा को नगर विकास विभाग, विजय कुमार मंडल को आपदा प्रबंधन विभाग और कृष्ण कुमार मंटू को सूचना प्रावैधिकी– आईटी विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है।

————————————————————————

कई मंत्रियों के विभाग में बदलाव भी किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। इससे पहले मंगल पांडेय इस विभाग का प्रभार संभाल रहे थे। मंगल पांडेय को स्वास्थ्य विभाग के साथ ही विधि विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। नितिन नवीन को पथ निर्माण विभाग सौंपा गया है। पहले श्री नवीन के पास नगर विकास और विधि विभाग की जिम्मेदारी थी। वहीं, डॉ. प्रेम कुमार से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी ले ली गयी है। अब उनके पास सिर्फ सहकारिता विभाग रहेगा।

————————————————————————

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश को अपनी विरासत पर गर्व है और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन के युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी संख्या न केवल एक रिकॉर्ड है बल्कि इसने भारतीय संस्कृति और विरासत को कई सदियों तक समृद्ध बनाए रखने के लिए एक मजबूत नींव रखी है। श्री मोदी ने महाकुंभ के सफल समापन पर संतोष व्यक्त करते हुए लोगों की कड़ी मेहनत, प्रयास और दृढ़ संकल्प के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों

की आस्था एक साथ इस पर्व पर केंद्रित रही, जोकि अभिभूत करने वाला पल है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लोग एकजुट हुए।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक तापमान में वृद्धि जारी रहेगी। इसके बाद कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया और नवादा समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है।

————————————————————————

आकाशवाणी पटना के राजभाषा विभाग की ओर से आज एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में कार्यालयीन हिन्दी के स्वरूप, हिन्दी लेखन में व्याकरणिक भूलें और निराकरण समेत कई विषयों पर चर्चा हो रही है। कार्यशाला में आकाशवाणी पटना और केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के अधिकारी और कर्मी भाग ले रहे हैं।

————————————————————————

बिहार पुलिस सप्ताह, दो हजार पच्चीस के तहत आज अररिया के पुलिस केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने रक्तदान किया।

————————————————————————

जमुई जिले के गाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत छेनिया–पखल पहाड़ जंगल इलाके में एसएसबी ने अभियान चलाकर करीब सत्ताईस किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया है। एसएसबी के कमांडेंट अनिल कुमार पठानिया ने यह जानकारी दी।

————————————————————————

कटिहार के पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने पोठिया थाना क्षेत्र में एक विक्षिप्त युवक की पिटाई मामले में आरोपी सहायक अवर निरीक्षक केदार प्रसाद यादव और एक

महिला सिपाही को निलंबित कर दिया है। एसपी ने घटना के वायरल वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई की है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।